Australian Government
Department of Health and Aged Care

aged care
Star Ratings



Hindi | हिन्दी

# वृद्ध देखभाल घरों (एजेड केयर होम्स) के लिए स्टार रेटिंग्स

स्टार रेटिंग्स My Aged Care वेबसाइट पर 'Find a provider' टूल का उपयोग करके वृद्ध देखभाल घरों की गुणवत्ता की तुलना करने में आपकी मदद करती है।

## स्टार रेटिंग्स क्या होती हैं?

सभी वृद्ध देखभाल घरों को कुल मिलाकर स्टार रेटिंग और चार उप-श्रेणियों के लिए रेटिंग मिलती है:

- **निवासियों का अनुभव** - प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्ध देखभाल निवासियों का उनके वृद्ध देखभाल घर के कुल मिलाकर अनुभव के बारे में सर्वेक्षण किया जाता है। निवासियों का अनुभव कुल मिलाकर दी जाने वाली स्टार रेटिंग का 33 प्रतिशत होता है।
- **अनुपालन** — वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग द्वारा विनियामक निर्णयों पर आधारित, जिसमें वृद्ध देखभाल गुणवत्ता मानकों का अनुपालन शामिल है। अनुपालन कुल मिलाकर दी जाने वाली स्टार रेटिंग का 30 प्रतिशत भाग होता है।
- **स्टाफिंग** - ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम औसत देखभाल लक्ष्यों की तुलना में, योग्यता-प्राप्त नर्सों, व्यक्तिगत देखभाल कार्यकर्ताओं और नर्सिंग सहायकों द्वारा दी जाने वाली देखभाल के आधार पर निवासियों को मिलने वाली देखभाल की औसत मात्रा। स्टाफिंग कुल मिलाकर दी जाने वाली स्टार रेटिंग का 22 प्रतिशत भाग होती है।
- **गुणवत्ता उपाय** — देखभाल के पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में जानकारी के आधार पर, जिसमें ज़मीन पर गिरना और गंभीर चोट लगना, अनियोजित ढंग से वजन कम होना, प्रेशर इनजरी, दवा प्रबंधन और शारीरिक संयम का उपयोग शामिल है। गुणवत्ता उपाय कुल मिलाकर दी जाने वाली स्टार रेटिंग का 15 प्रतिशत भाग होते हैं।

## स्टार्स का क्या अर्थ है?

वृद्ध देखभाल घरों को 1 से 5 स्टार्स के बीच स्टार रेटिंग मिलती है।

- 1 स्टार — 'महत्वपूर्ण सुधार आवश्यक'
- 2 स्टार — 'सुधार की आवश्यकता'
- 3 स्टार — 'स्वीकार्य' गुणवत्ता की देखभाल
- 4 स्टार — 'अच्छी' गुणवत्ता की देखभाल
- 5 स्टार — 'उत्कृष्ट' गुणवत्ता की देखभाल।

aged care
Star Ratings

## स्टार रेटिंग्स को कितनी बार अपडेट किया जाता है?

स्टार रेटिंग्स सबसे हाल ही में उपलब्ध डेटा पर आधारित होती हैं और कई बार अपडेट की जाती हैं:

- निवासियों के अनुभव की रेटिंग — वार्षिक रूप से अपडेट की जाती है
- अनुपालन रेटिंग — प्रतिदिन अपडेट की जाती है
- स्टाफिंग रेटिंग — त्रैमासिक रूप से अपडेट की जाती है
- गुणवत्ता उपाय रेटिंग — त्रैमासिक रूप से अपडेट की जाती है।

नया डेटा उपलब्ध होने पर कुल मिलाकर दी जाने वाली स्टार रेटिंग का हिसाब अपने आप से लगाया जाता है।

## हमें स्टार रेटिंग्स की आवश्यकता क्यों है?

वयोवृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा के लिए राजकीय आयोग ने वृद्ध देखभाल घरों की गुणवत्ता की तुलना करने के लिए एक सरल और पारदर्शी तरीके की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

स्टार रेटिंग्स वृद्ध देखभाल घर की गुणवत्ता के बारे में मापने योग्य जानकारी पर आधारित होती है, जिसे नई जानकारी उपलब्ध होने पर अपडेट किया जाता है।

स्टार रेटिंग्स कई प्रकार के लाभ प्रदान करती है, जिनमें शामिल हैं:

- सभी वृद्ध देखभाल घरों में देखभाल की गुणवत्ता के बारे में पारदर्शिता
- My Aged Care वेबसाइट पर मुफ्त 'Find a provider' टूल का उपयोग करके वृद्ध देखभाल घरों की गुणवत्ता की तुलना करने का एक आसान तरीका
- आवासीय देखभाल की निगरानी, तुलना और सुधार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुसंगत गुणवत्ता उपाय
- प्रदाताओं को अपनी स्टार रेटिंग्स में लगातार सुधार करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है, ताकि निवासियों की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## मुझे स्टार रेटिंग्स का पता कहाँ से चल सकता है?

स्टार रेटिंग्स My Aged Care वेबसाइट पर 'Find a provider' टूल के माध्यम से उपलब्ध हैं।

**MyAgedCare.gov.au/find-a-provider** पर जाएं या QR कोड स्कैन करें।

फोन **1800 200 422**
(My Aged Care की मुफ्त कॉल फोन लाइन)

**MyAgedCare.gov.au/find-a-provider** पर जाएं

सेवाओं के अनुवाद और भाषांतरण के लिए 131 450 पर कॉल करें और 1800 200 422 पर MyAged Care के लिए पूछें। राष्ट्रीय रिले सेवा का उपयोग करने के लिए nrschat.nrscall.gov.au/nrs पर जाएं या 1800 555 660 पर कॉल करें।